राष्ट्रीय दैनिक


# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



मोबाइल फोन के ज्यादा इस्तेमाल...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 02 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 43 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## बजट 2023: बच्चों से लेकर युवाओं के लिए किए कई ऐलान, स्किल इंडिया सेंटर की होगी स्थापना

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट पेश कर रही हैं। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले से मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट होने जा रहा है। इस बजट में सरकार ने बच्चों से लेकर युवाओं पर भी अपना फोकस रखा है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में शिक्षा के क्षेत्र के लिए कई खास ऐलान किए है। बजट में बच्चों और किशोरों के लिए कई खास ऐलान किए है।





इन ऐलानों के जरिए अब युवाओं को डिजिटल पुस्ध्तकालय की सुविधा मिल सकेगी। बच्चों और युवाओं के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। इसके जरिए किताबों की पहुंच अधिक से अधिक बच्चों तक हो सकेगी। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी को देश की हर पंचायत और वार्ड लेवल में सरकार स्थापित करेगी। इस लाइब्रेरी में प्रादेशिक और अंग्रेजी भाषा में पुस्तक उपलब्ध होगी, जो हर उम्र के बच्चों के लिए होगी। 2014 से बने मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ कोलोकेशन में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। अगले 3 सालों में, सरकार आदिवासी छात्रों को समर्थन देने वाले 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। 5जी पर रिसर्च के लिए इंजीनियरिंग कॉलेजों में बनेंगी 100 लैब। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए कुशल बनाने के लिए विभिन्न राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

## जम्मू–कश्मीर के गुलमर्ग में भीषण हिमस्खलन

### चपेट में आकर पोलैंड के दो पर्यटकों की मौत

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में 'गुलमर्ग स्कीइंग रिजॉर्ट' के ऊंचाई वाले इलाके में बुधवार को एक भीषण हिमस्खलन हुआ। जम्मू–कश्मीर के गुलमर्ग में हिमस्खलन की चपेट में आने से पोलैंड के दो पर्यटकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बारामूला जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने ट्वीट किया, हिमस्खलन गुलमर्ग में एक प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट अफरवत चोटी हापथखुद में हुआ। बारामूला पुलिस ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि दो विदेशी नागरिक (स्की करने आए) और दो 'गाइड' के लापता होने की खबर थी। जिनकी अब मौत की खबर आ रही हैं। पुलिस ने बताया कि स्कींग कर रहे विदेशी और स्थानीय पर्यटक ढलान पर थे कि अचानक हिमस्खलन की चपेट में आ गए।



## 2024 के लिए गेम चेंजर साबित होगा कर्नाटक का विधानसभा चुनाव, बीजेपी ने राज्य में चला तुलु कार्ड

कर्नाटक समेत पांच राज्यों के होने वाले को लोकसभा चुनाव का ट्रेलर माना जा रहा है। चार उत्तर पूर्वी राज्यों मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम के साथ ही कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव लोकसभा के ग्रैंड फिनाले से ठीक पहले सेमीफाइनल की तरह भी काम करेगा। लगभग उत्तर पूर्व पहले ही जीत चुकी बीजेपी इस बार क्वीन स्वीप की योजना बना रही है। दक्षिणी राज्य कर्नाटक के लिए भारतीय जनता पार्टी एक आरामदायक स्थिति में दिख रही है। हालांकि, इस बार बीजेपी कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है और शायद इसीलिए उन्होंने अपना इक्का–तुलु कार्ड खेल दिया है।



कांग्रेस ने भाजपा के आगे हथियार डाल दिए: लगातार गुटबाजी से जूझ रही कांग्रेस राज्य में अपना जनाधार खोती जा रही है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी के मास्टरस्ट्रोक के सामने अपने हथियार डाल दिए हैं। भाजपा सरकार द्वारा लिए गए किसी भी फैसले की अतार्किक आलोचना करने के लिए जानी जाने वाली कांग्रेस ने इस कदम का स्वागत किया है। कर्नाटक के तुलु बेल्ट वाले तटीय क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रवक्ता लावण्या बल्लाल जैन के साथ सुनील कुमार की घोषणा का स्वागत किया है। भाजपा की पहल का समर्थन करते हुए जैन ने कहा कि भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में भी जोड़ा जाना चाहिए।

क्या है तुलु: तुलु भाषा द्रविड़ भाषाओं के समूह में से एक है जिसमें तमिल, तेलुगु और कन्नड़ शामिल हैं और इसे सबसे पुराने में से एक माना जाता है। कई रिपोर्टों के अनुसार तुलु भाषा कर्नाटक और केरल के कुछ हिस्सों में लगभग 10 मिलियन लोगों द्वारा बोली जाती है। कर्नाटक के तटीय क्षेत्र के दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में, तुलु मुख्य रूप से बोली जाती है और स्थानीय लोग इस क्षेत्र को तुलुनाडु कहते हैं।

### तुलू को मिलेगा आधिकारिक भाषा का दर्जा?

30 जनवरी को कन्नड़ और संस्कृति मंत्री वी सुनील कुमार ने तुलु को आधिकारिक भाषा बनाए जाने की संभावना का आकलन करने के लिए एक पैनल के गठन की घोषणा की। कर्नाटक की भाजपा सरकार तुलु को राज्य में दूसरी आधिकारिक भाषा बनाने की दिशा में काम कर रही है। समिति की अध्यक्षता अल्वा के एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहन अल्वा करेंगे और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। राज्य में भारतीय जनता पार्टी का यह पहला प्रयास नहीं है। इससे पहले 2008 में, तत्कालीन मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने तुलु को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने के लिए कदम उठाए थे, हालांकि, पहल वांछित परिणाम तक नहीं पहुंच सकी।

## बजट ने ज्यादातर लोगों की उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया: पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम



नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने बुधवार को दावा किया वित्त वर्ष 2023–24 के लिए पेश किये गये केंद्रीय बजट ने देश के ज्यादातर लोगों की उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, ''वर्ष 2023–24 के लिए बजट और वित्त मंत्री का बजट भाषण यह प्रदर्शित करता है कि जनता, उसके जीवन, आजीविका तथा अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई से सरकार कितनी अनजान है।'' चिदंबरम ने दावा किया, ''वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बेरोजगारी, गरीबी और असमानता जैसे शब्दों का कहीं उल्लेख नहीं किया। शुक्र है कि उन्होंने 'गरीब' शब्द का उल्लेख दो बार किया।'' उन्होंने कहा, ''मुझे यकीन है कि भारत के लोग इसका संज्ञान लेंगे कि सरकार को किन लोगों की चिंता है और किन लोगों की नहीं है।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि वित्त वर्ष 2021–22 में सरकार की ओर से अनुमानित जीडीपी (वास्तविक मूल्यों पर आधारित) 232,14,703 करोड़ रुपये बताई गई थी और 11.1 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाया गया था। वहीं, वर्ष 2022–23 के लिए 258,00,000 करोड़ रुपये की जीडीपी का अनुमान लगाया गया था। उन्होंने कहा कि आज पेश किये गये बजट में सरकार ने 2022–23 के लिए संशोधित अनुमान 273,07,751 करोड़ रुपये का लगाया है। चिदंबरम ने कहा,''इसतरह, वास्तविक मूल्यों पर आधारित जीडीपी दोगुनी होनी चाहिए थी, जबकि वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) द्वारा और आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया कि जीडीपी की वृद्धि दर सात प्रतिशत रही। सरकार को इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए।'' उन्होंने दावा किया, ''नयी कर व्यवस्था को अपनाने वालों के अलावा अन्य के लिए कर में कोई कमी नहीं दी गई है। अप्रत्यक्ष कर में कोई कमी नहीं की गई है। आतिर्कक जीएसटी (माल एवं सेवा कर) की दरों में कोई कमी नहीं की गई है। पेट्रोल, डीजल, सीमेंट, उर्वरक की कीमतों में कोई कटौती नहीं की गई है। कई अधिभारों और उपकरों में कोई कमी नहीं की गई है।'' चिदंबरम ने दावा किया कि यह एक 'संवेदनहीन' बजट है, जिसमें देश के ज्यादातर लोगों की उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया गया है। उन्होंने कहा कि ध्यान से विश्लेषण किया जाए, तो नयी कर व्यवस्था में भी लोगों को कोई फायदा नहीं पहुंचाया गया है।

## BMC elections उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ मिलकर लड़ेंगे : ओ.पी. राजभर

बलिया (उत्तर प्रदेश)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बुधवार को कहा कि वह महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ मिलकर लड़ेंगे। राजभर ने बुधवार को पीटीआई–को बताया कि उनकी दो दिन पहले शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे से मुंबई में मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा कि डेढ़ घंटे की यह मुलाकात सकारात्मक थी जिसमें उनकी ठाकरे से महाराष्ट्र में होने वाले बीएमसी चुनाव को लेकर चर्चा हुई है। उन्होंने दावा किया कि ठाकरे ने बीएमसी चुनाव सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ मिलकर लड़ने पर सहमति जताई है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में ठाकरे की शिवसेना के साथ गठजोड़ करेंगे, राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शिवसेना का आधार नहीं है। रामचरितमानस को लेकर उठे विवाद के संबंध में राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी को इस विवाद से कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''सपा को स्वामी प्रसाद मौर्य के जरिए कुछ भी हासिल नहीं होगा। मौर्य जनाधार वाले नेता नहीं हैं। अगर वह जनाधार वाले नेता होते तो विधानसभाचुनाव नहीं हारते। उन्हें विधान परिषद के पिछले दरवाजे से सदन में नहीं जाना पड़ता।''

## जंगल में ले जाकर तीन साल की बच्ची का किया रेप, फिर उताया मौत के घाट, कोर्ट ने दे दी फांसी की सजा

मुजफ्फरनगर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की एक अदालत ने तीन साल की की बच्च्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के दोषी को बुधवार को मौत की सजा सुनाई जबकि एक अन्य आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष ने बुधवार को यह जानकारी दी। अभियोजन पक्ष ने बताया कि पॉक्सो अदालत के विशेष न्यायाधीश बाबूराम ने तीन वर्ष की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में सुरेंद्र उर्फ सोनी (30) को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई, जबकि राजेश टोटा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि बच्ची का अपहरण करने में राजेश मुख्य्य आरोपी का मददगार था। न्यायाधीश ने



घोषणा की कि वह मौत की सजा इसलिए दे रहे हैं क्योंकि यह दुर्लभतम मामला है, हालांकि फैसला इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पुष्टि के अधीन होगा।. जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा व विशेष पॉक्सो अधिवक्ध्ता दिनेश शर्मा ने बुधवार को बताया कि एक महिला की तीन साल की बेटी को जानसठ कस्बे में 12 जून, 2022 को दो आरोपियों –सोनी उर्फ सुरेंद्र और राजेश – ने बाइक से अगवा कर लिया और बच्ची को जंगल में ले गया। उन्होंने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी सुरेंद्र ने बच्ची के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बच्ची की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म, साजिश और पॉक्ध्सो अधिनियम के अलावा हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की और अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मुख्य अभियुक्त सुरेंद्र उर्फ सोनी को फांसी की सजा और राजेश टोटा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।




## राजस्थान के लिए बजट निराशाजनक, राज्य के साथ किया गया सौतेला व्यवहार! अशोक गहलोत ने केंद्र पर लगाया आरोप

जयपुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने आम बजट पेश कर दिया है. इस आम बजट में केंद्र सरकार की तरफ से कई बड़े एलान किए गए हैं। जिनमें टैक्स स्लैब में कटौती सबसे बड़ा एलान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुवान 2024 से पहले अपने पूर्ण बजट में मध्यम वर्ग और नौकरी करने वाले लोगों को कर मोर्चे पर राहत दी। इसके अलावा निर्मला सीतारामण ने अलग–अलग राज्यों के लिए भी कई बड़े ऐलान किए हैं। राजस्थान के लिए जिन चीजों का ऐलान किया गया हैं उससे वहां के मुख्यमंत्री खुश नहीं हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पेश आम बजट को राजस्थान के लिए घोर निराशाजनक करार देते हुए इसे राज्य की जनता के साथ सौतेला व्यवहार करार दिया।



गहलोत ने कहा कि राज्य के साथ किये गये इस सौतेले व्यवहार का समय आने पर जनता माकूल जवाब देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा जैसी योजनाओं का बजट प्रावधान कम करना साबित करता है कि यह बजट गरीब, भूमिहीन किसान, एवं आमजन विरोधी है। उन्होंने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, केन्द्रीय बजट की यदि राजस्थान प्रदेश के संदर्भ में बात की जाये तो यह बजट प्रदेश के लिए घोर निराशाजनक रहा। गहलोत ने एक बयान में कहा, राजस्थान राज्य के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण परियोजना पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय दर्जा देने की हमारी वाजिब मांग को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किये जाने से प्रदेशवासियों को निराशा हुई है।उन्होंने कहा कि चुनाव को ध्यान में रखते हुए कर्नाटक राज्य को ऊपरी भद्रा परियोजना के लिए अतिरिक्त सहायता के रूप में राशि 5,300 करोड़ उपलब्ध कराया जाना केन्द्र का राजस्थान के प्रति मोदी सरकार के सौतेले व्यवहार को दिखाता है। उन्होंने कहा, राजस्थान की जनता इस सौतेले व्यवहार का समय आने पर माकूल जवाब देगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में वित्त वर्ष 2023–24 का बजट पेश किया। गहलोत ने कहा, बजट में केवल मीडिया में हेडलाइन बनाने वाले जुमलों का प्रयोग किया गया है लेकिन गरीब लोगों के लिए कोरोना काल में संजीवनी साबित हुई महात्मा गांधी नरेगा जैसी योजनाओं में केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना में वर्ष 2023–24 का बजट प्रावधान 33 प्रतिशत (लगभग राशि रुपये 30,000 करोड़) कम करना साबित करता है कि यह बजट गरीब, भूमिहीन किसान, एवं आमजन विरोधी है। मुख्यमंत्री ने कहा, इस बजट में कृषि एवं कृषक कल्याण से संबंधित बहुत सारी थोथी घोषणाएं की गई है, लेकिन कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के बजट में पिछले वर्ष से लगभग छह प्रतिशत (लगभग राशि रुपये 7,500 करोड़) कम राशि का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार यूरिया सब्सिडी मद में गत वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत (लगभग राशि रुपये 23,000 करोड़) की उल्लेखनीय कमी कर दी है।

# बैनामे की जमीन पूरी नहीं मिलने पर हाईटेशन पोल पर चढ़ा किसान, मचा हडकंप

## –एसडीएम व थाना प्रभारी के प्रयास के बाद सकुशल उतारा गया

सोहावल –अयोध्या। सोहावल तहसील क्षेत्र अंतर्गत बरई कला निवासी चंद्रशेखर यादव उर्फ पप्पू पुत्र रामनरेश उम्र लगभग 25 वर्ष का गोडा 220 मेगा हाईटेंशन लाईन पोल संख्या 15 पर चढने की सूचना पर स्थानीय प्रशासन मे हडकंप मच गया।

थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, एसडीएम सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव, तहसील कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे।हाईटेंशन तार सप्लाई से युवक के साथ कोई अनहोनी से बचाव के लिए विद्युत विभाग के अवर अभियंता ज्ञान चंद विश्वकर्मा विभागीय कर्मियो के साथ पावर ग्रिड कर्मी से संपर्क साधा स डीजीएम पावर प्लांट के निर्देश से सप्लाई राजू जगदीश यादव से कटवाई।पीड़ित युवक का आरोप है कि गाटा संख्या 57 –353 येरी बैनामा कराया। जमीन पर हल्का लेखपाल ग्राम प्रधान द्वारा चकरोड को पटवाने का प्रयास किया जा रहा।मामले का मुकदमा धारा 24 में दर्ज होने के बावजूद तहसील प्रशासन में विगत दो साल बीत जाने के बाद भी सुनवाई नहीं होने से क्षुब्ध होकर गोंडा लाईन 220 मेगा सप्लाई की पोल पर चढने पर विवश होना पड़ा। स्थानीय प्रशासन पर अविश्वास जताते हुए डीएम को बुलाने तथा तत्काल समस्या का निदान करने की जिद पर अड़ा रहा।इस बीच उप–जिलाधिकारी सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह उसकी जायज मांगो को तत्काल पूरा करने का आश्वासन देते रहे।ढाई घंटे तक कोई असर न होता देखकर गोंडा हाईटेशन सप्लाई का शट डाऊन मिलते ही एसडीएम ने पहल करते हुए पुनः प्रयास करने पर युवक को पोल से नीचे उतार कर विवादित स्थल पर पहुंचकर ग्राम प्रधान रामदीन तथा विवादित भूमि के एक और पक्षकार अभय प्रताप तिवारी को बैनामे की जमीन का रकबा पूरा नहीं होने तक कोई भी निर्माण चक मार्ग नही बनाने का आदेश दिया। इस मौके पर नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला कानूनगो अरूण तिवारी हल्का लेखपाल हौसला प्रसाद राम सागर वर्मा विनोद दूबे ग्राम प्रधान रामदीन प्रतिनिधि दुर्गेश यादव पूर्व प्रधान पति नरेंद्र यादव राजेश कुमार सेन आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# पति, सास–ससुर सहित आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

अयोध्या। इनायत नगर पुलिस ने विवाहिता के भाई की तहरीर पर पति, सास ससुर सहित आधा दर्जन ससुराली जनों के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस मामले में अभी किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के परसपुर सथरा गांव निवासी विवाहिता के भाई श्रवणजीत कनौजिया ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने अपनी बहन गायत्री का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार बीते 27 अप्रैल 2018 को नितिन पुत्र सियाराम निवासी मोहली थाना खंडासा के साथ की थी। उनके पिता द्वारा बहन की शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दहेज में 51 हजार रुपए नगद, बाइक, सोने की चौन व अन्य आभूषण तथा सामान दिया था। विवाहिता के भाई ने यह भी आरोप लगाया की उनकी बहन जब शादी में विदा होकर ससुराल गई तभी से ससुराली जनों द्वारा कम दहेज का उलाहना देते हुए कहने लगे कि हमें तो दहेज में कार मिल रही थी। जब बहन ससुराली जनों की प्रताड़ना से परेशान होती तो अपने मायके में अपनी आपबीती बताती। लेकिन समाज की लोक लज्जा तथा भविष्य में रिश्ता बना रहे इसी के चलते अपनी बहन तथा पुत्री को यह कह कर धैर्य देते कि सब ठीक हो जाएगा। भाई ने यह भी आरोप लगाया कि बहन के ससुराली जनों पति नितिन, ससुर सियाराम, सास भंवरकली, जेठ बाबादीन, उमा चंद तथा श्याम बाबू ने उनकी बहन को मारपीट कर घर से निकाल दिया तथा सोना चांदी के आभूषण उनकी सास भंवर कली ने रख लिया है। विवाहिता के माईके के लोगों द्वारा ससुराली जनों से बहन को घर में रखने की मान मनौवल करने पर ससुराली जनों द्वारा अपाची गाड़ी या तो एक लाख 50 हजार रुपए की मांग करने लगे। माईके द्वारा उक्त मांगों पूरी करने पर असमर्थता जताने पर ससुराली जनों द्वारा उनकी बहन को घर में रखने से इंकार कर दिया गया।

# नशेड़ी अधेड़ का शव बरामद

सोहावल–अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र में दिग्विजय सिंह पुत्र स्व0 कौशल सिंह उम्र लगभग 53 वर्ष निवासी ग्राम गोठवारा थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या का शव गयागंज पुल के नीचे मिला है स परिजनों द्वारा बताया गया की स्मैक के आदी थे और शव के पास से नशे का खाली इंजेक्शन और सिरिंज बरामद हुई है, और बॉडी का निरीक्षण किया गया तो कोई भी चोट नहीं है स मौके पर प्रभारी निरीक्षक रौनाही संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मय फोर्स मौजूद हूं स शव का पंचायतनामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है ।

# अभद्र टिप्पणी पर मुकदमा लिखने की मांग

बीकापुर–अयोध्या। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस और मंदिर को इंगित करते हुए जो अवैधानिक टिप्पणी की है उससे आहत हुए क्षेत्र के जनमानस को देखते हुए स्वाभिमान पार्टी के प्रदेश संयोजक डॉ गंगाराम तिवारी ने कोतवाली बीकापुर में शिकायत करके मुकदमा लिखे जाने की मांग की है और शिकायती पत्र मे दर्शाते हुए श्री तिवारी ने लिखा है कि पूर्व मंत्री ने कहा है कि मंदिर में जाना दलित और पिछड़े लोग छोड़ दे तो पंड़ा –पुजारी और ब्राह्मण की कमाई बंद हो जाए इसलिए मेरे वक्तव्य पर ब्राह्मण को बुरा लग रहा है इस तरह ब्राह्मणों को भौकना और कुत्ता होने की संज्ञा दी है जिसस नाराज क्षेत्रीय जनमानस को देखते हुए श्री तिवारी ने पूर्व मंत्री के अवैधानिक टिप्पणी पर मुकदमा लिखने की मांग की है।

# पोषण पुनर्वास केन्द्र में एडमिट बच्चों को दें बेहतर सुविधाएं: नितीश कुमार

## जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम ने की एनआरसी की समीक्षा

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिला पोषण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने एन0आर0सी0 की समीक्षा के दौरान पोषण पुनर्वास केन्द्र में एडमिट बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने तथा उसे साफ–सुथरा रखने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सैमध्मैम बच्चों के परिवार को गोवंश सुपुर्दगी योजना के तहत गायों की सुपुर्दगी कराने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों को साथ–सुथरा रखने तथा आवश्यकतानुसार कायाकल्प योजना के तहत मरम्मत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित होने वाली सभी सामुदायिक गतिविधियों को और बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने पल्स पोलियों अभियान के तहत पोलिया अभियान का भुगतान, फाइलेरिया अभियान का भुगतान, ट्रिपल ए (ए0एन0एम0, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री) की बैठक का भुगतान, प्रोत्साहन राशि का भुगतान सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शीघ्र अति शीघ्र सीधे उनके खाते में कराने के निर्देश दिये तथा भविष्य में सभी भुगतान नियमानुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत लाभार्थियों को पारदर्शी ढंग से अनुपूरक पुष्टाकार समय से वितरण कराने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया तथा लाभार्थीवार मासिक अनुपूरक पुष्टाहार वितरण मानक की वाल पेंटिग आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

तदोपरांत जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सभी चिकित्सालयों में शैय्या उपयोगिता दर में और सुधार लाने तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधायें सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत ब्लाकवार संस्थागत प्रसव की समीक्षा की तथा इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुये शत–प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के भर्ती के समय ही फार्म भरवायें तथा डिस्चार्ज के समय भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के टीकाकरण को सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत ब्लाकवार गोल्डेन कार्ड बनाने के प्रगति की भी समीक्षा की तथा इसमें तेजी लाने व योजना से पात्र सभी परिवारों व उनके सदस्यों का गोल्डेन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा योजना से आच्छादित लोगों को योजना का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने हेतु सभी संम्बंधित चिकित्साधिकारियोंध्प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अजय राजा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के0के0 सिंह सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग से सेवानिवृत्त सुरेश कुमार को दी गई विदाई

अयोध्या। परिवहन विभाग में तैनात सफाईकार सुरेश कुमार . अपनी अधिवर्षता आयु पूर्णा कर सेवा निवृत्त हो गये है। सम्भागीय परिवहन अधिकारी के कक्ष में उनकी विदाई का समारोह का आयोजन किया। उक्त विदाई समारोह में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) प्रभारी सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय संदीप कुमार, यात्रीकर अधिकारी खुर्शीद अहमद, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) के साथ कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। सहायक सम्भागीय परिहवन अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अपने–अपने विचार व्यक्त करते हुए सुरेश को राचरित मानस के साथ घड़ी, सूटकेश के साथ स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर सदैव प्रसन्नचित रहने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

# मतगणना स्थल के अंदर तक मोबाइल लाने पर रहेगी रोक,रात तक परिणाम आने की उम्मीद

कानपुर। खंड स्नातक व खंड शिक्षक चुनाव की मतगणना आईटीआई पांडु नगर में गुरुवार सुबह आठ बजे से शुरू होगी। एक हॉल में 14 टेबल में वोटों की गिनती होगी। 51 फीसदी वरीयता वाला प्रत्याशी विजेता बनेगा। रात तक परिणाम आने की उम्मीद है। इसकी रूपरेखा तैयार हो गई है। तीनों जिलों की मतगणना कानपुर में ही होगी। डीएम विशाख जी ने मतगणना की रूपरेखा भी तैयार कर ली है। आईटीआई पांडु नगर में कड़े सुरक्षा घेरे में मतगणना होगी। स्नातक व शिक्षक दोनों चुनाव की मतगणना अलग–अलग हॉल में होगी। एक हॉल में 16 टेबल लगाई जाएंगी। इसमें से 14 टेबल में मतगणना होगी। बाकी एक–एक टेबल प्रेक्षक और आरओ के लिए होगी। वरीयता के आधार पर मतगणनाः वरीयता के आधार पर मतगणना की जाएगी। एजेंटों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था होगी। एक निर्धारित एरिया तक ही समर्थक जा सकेंगे। डीएम विशाख जी ने बताया कि मतगणना की तैयारी पूरी हो गई है। अलग–अलग ड्यूटी लगा दी गई है। मतगणना को देखते हुए दो फरवरी को शराब की दुकानें बंद रहेंगी। मतगणना खत्म होने तक दुकानें बंद रहेगी। वहीं मतगणना स्थल के अंदर तक मोबाइल लाने पर रोक रहेगी। मतगणना में आने वाले प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंटों को पास जारी किए जाएंगे। बिना पास के एजेंटों को प्रवेश नहीं मिलेगा। एक प्रत्याशी के निर्धारित टेबल पर एक–एकक एजेंट ही रहेंगे।

# रिश के बाद गिरा तापमान, बर्फीली हवाओं से कांपे शहरवासी

कानपुर। बर्फीली हवाओं ने सर्दी में इजाफा कर दिया है। कानपुर में सुबह बिना धूप के हुई। लगातार ठंडी हवाएं चल रही हैं। देर रात हुई बारिश के बाद भी बारिश के पूरे आसार बने। मौसम विभाग के अनुसार अब रात में मौसम सर्द रहेगा लेकिन दिन का तापमान चढ़ेगा। सुबह कोहरा भी छाया रहा। उतार–चढ़ाव भरे मौसम के बीच रात में उत्तर पूर्वी हवाएं चलने लगीं जिससे बदली छाई हुई है। रात में बादलों के छाने से तापमान 05.2 से 09.4 डिग्री सेल्सियस हो गया। रात का पारा 04.2 डिग्री बढ़ गया। इसके बाद फिर उत्तर–पश्चिमी हवाएं चलने लगीं। जनवरी के अंतिम सप्ताह मौसम के कई बदलाव देखे गए। मौसम विभाग इसको लेकर पहले ही संकेत दे चुका है। मौसम कुछ इसी तरह रहा। बदली के साथ सुबह की शुरुआत हुई। करीब दस बजे तक धूप नहीं निकली। दोपहर को धूप निकली तो पारा बढ़ने लगा। जो तापमान 10 के करीब था, वह दोपहर में 20 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। दोपहर करीब दो बजे के बाद फिर अचानक बदली छा गई। उसके बाद मौसम बारिश जैसा होने लगा। तेज हवा चलने से ठंड में भी इजाफा हुआ। मौसम विभाग ने जनवरी के आखिरी सप्ताह मौसम में इसी तरह के बदलाव की संभावना जताई है। हवा और बूंदाबांदी की वजह से ठंड में इजाफा हो सकता है।

# बिजली दरों में मूल्य वृद्धि के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। सरकार द्वारा सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध न कराये जाने एवं बिजली दरों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि को रोकने के सम्बन्ध में आम आदमी पार्टी गांधी पार्क सिविल लाइन अयोध्या सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। विधानसभा चुनाव के दौरान वर्तमान सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में बिजली को लेकर ये स्पष्ट किया गया था की चुनाव जीतने के बाद सरकार जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी जो की भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में भी शामिल है पर ऐसा नहीं हुआ इधर हाल ही में बिजली के दाम घटना तो दूर की बात बल्कि सरकार ने बिजली की दरों में 23 प्रतिश वृद्धि का प्रस्ताव भी रख दिया है जिससे जनता पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ेगा और ये प्रस्ताव कहीं से भी स्वीकार करने योग्य नहीं है। वास्तव में देश में 30 प्रशित तक कोयले का उत्पादन भी बढ़ा है फिर क्यों बिजली की दरें बढ़ाई जा रहीं हैं ? राज्य सरकार ने जनता और विशेषकर किसान भाइयों के साथ वादाखिलाफी की है और अब उन्हें आर्थिक रूप से पीड़ित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति एडवोकेट ने कहा कि बिजली, समाज के सभी वर्गों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश आपसे अपील करती है कि उक्त मामले में हस्तक्षेप कर जनता को सस्ती बिजली और किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए एवं बिजली के दामों में होने वाली बेतहाशा वृद्धि को रोकने की उचित कार्यवाही करें जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ न पड़े आम आदमी पार्टी जनता के हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रही है और करती रहेगी स धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहे साथी रुदौली प्रभारी मनोज मिश्रा मिल्कीपुर प्रभारी हर्षवर्धन कोरी अयोध्या महानगर के अध्यक्ष मोहित महाराज प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ इसराइल घोसी शारजाह मास्टर गायत्री मिश्रा सूरज प्रधान जिला उपाध्यक्ष संदीप पटेल पंडित दीनदयाल नगर संभावित प्रत्याशी सियाराम भारती खुश चंद लाल श्रीवास्तव कार्यालय प्रभारी आसिफ महिला विंग की अध्यक्ष गुड़िया राइन मोहम्मद शकील रमेश कुमार धर्मेंद्र सेठ सूर्यपाल लोग उपस्थित थे।

# पूर्व राज्य मंत्री मोहसिन रजा पहुँचे विजेता अर्चना के गांव

बांगरमऊ गंजमुरादाबाद। अंडर 19 विश्व विजेता भारतीय टीम की अहम सदस्य अर्चना देवी के घर बधाई देने वालो का शिलशिला जारी है प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मोहसिन रजा,सपा नेत्री अन्नू टंडन,उपजिलाधिकारी आदि ने गांव पहुंचकर बधाई दी तथा मां को एक लांख की प्रोत्साहन राशि सौंपी तथा ग्रामीणों के साथ अपने विचार साझा किए। भारतीय टीम को विश्व विजेता बनने में अहम योगदान देने वाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव रतई पुरवा निवासी क्रिकेटर अर्चना निषाद के घर पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री मोहसिन रजा ने कहा कि एक गरीब परिवार की बेटी ने क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है उसकी बेहतरीन फील्डिंग के कायल हुए पूर्व क्रिकेटर व मंत्री ने साफ सब्दो में कहा की मैच के दौरान अर्चना देवी के द्वारा लिए गए बेहतरीन कैच ने ही मैच का पासा भारत के पक्ष में पलट दिया जिससे भारत ने आसानी के साथ विश्व कप अपने नाम कर लिया।उन्होंने खिलाड़ी को देश का गौरव होने का दर्जा देते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास योजनाएं अर्चना देवी के नाम से ही पूर्ण करवाई जाएंगी उसके इस देश का गौरव बढ़ाने वाली बेटी के नाम से क्षेत्र को एक अलग पहचान मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने क्रिकेटर की मां सावित्री भाई रोहित सहित अन्य परिजनो का मुंह मीठा कराकर बधाई दी तथा मिस्ठान उपलब्ध कराया।इस दौरान उन्होंने अर्चना की मां को एक लांख रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की इस मौके पर बांगरमऊ निवर्तमान चेयरमैन इजहार खा गुड्डू आदि सहित अनेक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। इसी क्रम में राज्यंत्री की घोषणा के बाद गांव पहुंचकर उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर द्वारा मां को एक लांख रुपए की राशि सौंपी गई तथा परिजनो को मुंह मीठा कराकर बधाई दी इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चो के अंदर जज्बा हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इसी क्रम में सपा नेत्री अन्नू टंडन भी गांव पहुंची तथा मां तथा भाई का मुंह मीठा कराया तथा ढेरो बधाई दी तथा व्यक्तिगत फोन नंबर देकर हर समय साथ देने की बात कही।पूरे दिन अर्चना के घर पर शासन तथा प्रशाशन के लोगो का आवागमन बना रहा जिससे पूरे गांव में प्रसन्नता बनी रही।हर गली मोहल्ले में अर्चना की कामयाबी को लेकर चर्चा होती रही।

# बांग्लादेशी नागरिकों को संरक्षण देने के मामले में फरार चल रहे पार्षद की तलाश में दी ताबड़तोड़ दबिशें

कानपुर। पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को संरक्षण देने के मामले में फरार चल रहे पार्षद मन्नू रहमान की तलाश तेज कर दी है,पुलिस ताबड़तोड़ दबिशें दे रही है। वहीं परिवार संग जेल भेजे गए बांग्लादेशी नागरिक डॉ. रिजवान के मामले की जांच पूरी हो गई है। पुलिस दो तीन दिन के भीतर अपनी चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर देगी। मूलगंज पुलिस ने 11 दिसंबर को डॉ. रिजवान मोहम्मद, पत्नी हिना, ससुर खालिद, बेटी रुखसाना और दो नाबालिग बेटों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आर्यनगर स्थित उसके फ्लैट से कई कूटरचित व फर्जी दस्तावेज, भारतीय करेंसी और विदेशी मुद्रा समेत 26 महत्वपूर्ण सबूत जुटाए थे। इसके अलावा प्रतिबंधित दवा डायजीपाम की गोलियां भी बरामद हुई थीं। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि डॉ. रिजवान मामले की जांच पूरी हो चुकी है। दो से तीन दिन के भीतर विवेचक को चार्जशीट दाखिल करने के आदेश दिए हैं। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिकों को संरक्षण देने के मामले में विधायक इरफान सोलंकी के साथ पार्षद मन्नू रहमान भी दोषी हैं। उनका निवास प्रमाण पत्र भी जारी किया था। पुलिस की दो टीमें उसकी तलाश में दबिश दे रही हैं। मन्नू रहमान मूलगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ 22 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# जिला चिकित्सालय के ईएनटी सर्जन डा.एस.पी. राय हुए सेवानिवृत्त

अयोध्या। जिला चिकित्सालय में तैनात ई एन टी सर्जन आज हुए सेवानिवृत्ति प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में ई एन टी सर्जन डॉक्टर एसपी राय चिकित्सा क्षेत्र में सन 1992 में उनका तबादला हापुड़ से जिला चिकित्सालय अयोध्या हुआ तब से डॉक्टर राय पीड़ित जनता की सेवा में लगे रहे आज बेदाग होकर डॉक्टर एसपी राय के सेवानिवृत्ति हो गए प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर चंद्र भूषण नाथ त्रिपाठी ने सम्मान पूर्वक विदाई कार्यक्रम किया वही प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ शाखा अयोध्या के सचिव डॉ विपिन कुमार वर्मा द्वारा दी गई उक्त कार्यक्रम में सीएमएस द्वारा डॉक्टर राय को राम दरबार की प्रतिभा भेंट करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना किया उक्त विदाई समारोह में डॉ आशीष श्रीवास्तव डॉक्टर अनिल कुमार वर्मा डॉ आशीष पाठक डॉ वीरेंद्र वर्मा डॉक्टर पूजन अंसारी डॉक्टर मोहम्मद सादिक डॉ आर केस डॉक्टर शिशिर श्रीवास्तव डॉ एके सिन्हा डॉ राजेश सिंह डॉ वेद प्रकाश सिंह डॉक्टर जयसिंह चौरसिया डॉ उत्तम पटेल डॉ धर्मेंद्र कुमार डॉ आशुतोष प्रताप सिंह डॉ एस पी गुप्ता चीफ फार्मेसिस्ट विनोद कुमार श्रीवास्तव सर्वेश श्रीवास्तव संजय गुप्ता विजय वर्मा उपेंद्र मणि त्रिपाठी हनुमत दुबे आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से हो निस्तारण

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को व्यापारी बंधुओं की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर उसका प्राथमिकता पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक की अनुपालन आख्या उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर एवं सदस्यध्सचिव जिला व्यापार बंधु वीरेंद्र नारायण वर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर व्यापारियों उद्यमियों की समस्याओं तथा सुरक्षा विषयक प्रकरणों को जिलाधिकारी द्वारा एक एक करके गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण हेत संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा विभिन्न मार्गों में सीवर लाइन डालने हेतु मार्गों को तोड़नेध्खुदाई कर उसे सही न करने की समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगमध् नागर कार्य इकाई को संबंधित व्यापारी के साथ मौके पर जाकर संबंधित मार्गों का अवलोकन करने तथा सभी मार्गों को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए, जिससे आवागमन सुचारु रुप से संचालित हो सके। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता जल निगम को सीवर लाइन डालने के दौरान खुदाई में वाटर सप्लाई की पाइप अथवा वायर टूटध्कट जाने पर उसे तत्काल ठीक कराते रहने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी बैठकों में शासनादेश के तहत नामित सदस्यों को ही आना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त प्रशासन राज्य कर वीरेंद्र नारायण वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्उप जिलाधिकारी सदर विशाल कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम, अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम सहित नगर निगम व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।











सिद्धार्थ नगर महोत्सव के अन्तिम दिन पवन के गीतो पा नाचते नजर आये जनपदवासी

राजेश शर्मा/दैनिक बुद्ध का सन्देश

# सांसद खेल महाकुंभ से ग्रामीण में छुपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलेगा:योगी















राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। बुद्धवार को जनपद सिद्धार्थनगर में चल रहे सांसद खेल महाकुंभ के समापन अवसर में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में मुख्य अतिथि के रुप में उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का आगमन हुआ। मुख्यमंत्री के आगमन के उपरांत सांसद खेल महाकुंभ 2023 के संयोजक सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने स्वागत उद्बोधन करते हुए सांसद खेल महाकुंभ में प्रतिभाग के हुए सभी खिलाड़ियों,निर्णायक के रूप में उपस्थित सभी खेल प्रशिक्षकों,खेल प्रेमियों एवं वहा उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए खेल को बढ़ावा देने तथा सांसद खेल महाकुंभ में प्रतिभागी उदयीमान खिलाड़ियों के सहयोग के लिए 10लाख रुपए का फंड खिलाड़ियों के उत्थान के लिए बनाने की घोषणा की। सांसद खेल महाकुंभ के कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार प्रजापति ने किया। मुख्यमंत्री जी के समक्ष ताइक्वांडो के खिलाड़ियों के द्वारा देशभक्ति गीत एवं योग के खिलाड़ियों के द्वारा योग का प्रदर्शन किया गया। सांसद खेल महाकुंभ के संयोजक सांसद जगदंबिका पाल एवं सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य निगरानी समिति ध ीरेंद्र कुमार बाल्मीकि द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को गदा भेंट किया गया। सांसद खेल महाकुंभ को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सांसद खेलमहाकुंभ से ग्रामीण में छुपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलेगा, और इस अवसर पर जो प्रतिभाएं अच्छा प्रदर्शन करेंगे उनको मंडल स्तर एवं प्रदेश स्तर पर भी सम्मानित किया जाएगा।खेल के क्षेत्र में उदीयमान खिलाड़ियों के लिए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खिलाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है एवं उनके खेलने के लिए सम्मानजनक पुरस्कार भी देती है। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा धर्मेंद्र सिंह, सदस्य विधान परिषद सुभाष यदुवंश,विधायक शोरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक कपिलवस्तु श्याम ध ानी राही,विधायक ध्रुव त्रिपाठी विध ायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शीतल सिंह,पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, सतीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द माधव, जिला क्रीड़ा अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहें।सांसद खेल महाकुम्भ में प्रतिभाग करने वाले सभी खेल प्रशिक्षकों कों ट्रैक सूट तथा सभी खिलाड़ियों कों टी शर्ट दिया गया।

## सम्पादकीय

**पार्टी के राज्यसभा सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने यह भी बताया कि फैसला केंद्रीय नेतृत्व का है, जिसे प्रदेश कार्यकारिणी में स्वीकार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने यह फैसला किया है कि नीतीश के साथ अब तालमेल नहीं होगा। असल में यह मजबूरी का ...**

# भाजपा के लिए जदयू के अंगूर खट्टे हैं



पिछले साल अगस्त में जब नीतीश ने भाजपा से तालमेल खत्म किया और वापस राजद के साथ मिल कर सरकार बनाई तभी से भाजपा के नेता प्रचार कर रहे थे कि नीतीश एक बार फिर पलटी मारेंगे और भाजपा के साथ आ जाएंगे। निश्चित रूप से जदयू में भी ऐसे कई नेता हैं, जो राजद के साथ बहुत सहज नहीं हैं और उनकी भी इच्छा थी कि वापस एनडीए में चला जाए। नीतीश कुमार की रोज की श्भूंजा पार्टीच में बैठने वाले दो–तीन नेता तो बेहद बेचौन थे और चाहते थे कि किसी तरह से राजद से संबंध टूटे और भाजपा से बहाल हो। लेकिन उनसे ज्यादा बेचौनी भाजपा के नेताओं में थी। सत्ता गंवाने के बाद से प्रदेश भाजपा के नेता परेशान थे। उन्होंने कई तरह की अफवाहें फैलाईं, जिनमें सबसे बड़ी अफवाह यह था कि नीतीश एनडीए वापसी कर रहे हैं और इस बार वे मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। भाजपा और आरएसएस के कुछ पदाधिकारियों की ओर से दिल्ली और पटना की मीडिया में यह खबर चलवाई गई कि नीतीश कुमार ने शर्त रखी है कि अगर भाजपा सुशील मोदी को मुख्यमंत्री बनाती है तो वे एनडीए में लौटेंगे। यह भी कहा गया गया कि नीतीश केंद्र सरकार में मंत्री बनेंगे और राज्य में उनके समर्थन से भाजपा की सरकार बनेगी। इस अफवाह की हवा निकलने के बाद भाजपा की ओर से दूसरा प्रचार किया गया कि बिहार में महाराष्ट्र होने जा रहा है। भाजपा के प्रति सद्भाव रखने वाले और भाजपा, आरएसएस के थिंकटैंक माने जाने वाले एक पत्रकार ने तो ट्विट भी कर दिया कि बिहार में महाराष्ट्र की कहानी दोहराई जाएगी। यानी जनता दल यू में टूट हो जाएगी और उसका बड़ा हिस्सा अलग होकर भाजपा से तालमेल कर लेगा। फिर या तो भाजपा की सरकार बनेगी या भाजपा के समर्थन से जदयू के टूटे हुए धड़े की सरकार बन जाएगी। अब इस अफवाह की भी हवा निकल गई है और भाजपा को लग गया है कि अंगूर खट्टे हैं तो उसने ऐलान किया है कि अब नीतीश के साथ कभी तालमेल नहीं होगा। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की दरभंगा में हुई बैठक में इसका विधिवत प्रस्ताव पास किया गया कि बिहार में भाजपा फिर कभी नीतीश कुमार के साथ तालमेल नहीं करेगी। पार्टी के राज्यसभा सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने यह भी बताया कि फैसला केंद्रीय नेतृत्व का है, जिसे प्रदेश कार्यकारिणी में स्वीकार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने यह फैसला किया है कि नीतीश के साथ अब तालमेल नहीं होगा। असल में यह मजबूरी का फैसला है। भाजपा को लग गया है कि अब नीतीश पलटी नहीं मारने वाले है कम से कम अगले लोकसभा चुनाव तक। इस बीच नीतीश की पार्टी के एक बड़े पिछड़ा नेता उपेंद्र कुशवाहा के अलग पार्टी बनाने की चर्चा चल रही है, जिनके साथ भाजपा का तालमेल हो सकता है। इसलिए भाजपा ने अब यह पोजिशन लिया है कि वह तालमेल नहीं करेगी।

## श्रीरामचरित मानस की रचनाधर्मिता शोध का विषय है

यदि आप जीवन के किसी संकट में हों तो उस संकट से निकलने का मार्ग श्रीरामचरित मानस सुझाती है। कबित बिबेक एक नहिं मोरे का उद्घोष करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी श्रीरामचरित मानस का प्रणयन करते हैं। गोस्वामी जी ने दो वर्ष सात मास और छब्बीस दिनों में माता सीता के विवाह के दिन श्रीरामचरित मानस की रचना की। धर्म ग्रंथ होने के साथ ही यह अकादमिक ग्रंथ भी है। जनश्रुतियों पर विश्वास करें तो गोस्वामी तुलसीदास जी पर श्री हनुमान जी की बहुत बड़ी कृपा थी। स्वयं श्री हनुमान जी महाराज मानस के दोहे, सोरठे और चौपाइयां बोलते थे, वह बोलना सिर्फ और सिर्फ गोस्वामी जी ही सुन सकते थे। उस श्रवण की गोस्वामी तुलसीदास जी उसे स्व मति के अनुरूप रचते हैं। वे कहते भी हैं कि मति अनुरूप राम गुन गाऊं। राम रसायन का श्रमण उत्तर भारत की जनता को आनंदित करती है। तथ्य यह भी है कि श्रीरामचरित मानस की रचना 16 वीं शताब्दी में हुई। मानस के प्रकांड विद्वान राम सागर शुक्ल के अनुसार गोस्वामी तुलसीदास जी के लेखन की हस्तलिखित प्रति नेपाल के तुलसीपुर में है, किंतु अभी यह शोध का विषय है। जबकि गोस्वामी तुलसीदास के विद्वान अध येता , लोकवादी तुलसीदास पुस्तक के लेखक डॉ विश्वनाथ त्रिपाठी जी का कहना कि श्रीरामचरित मानस की हस्तलिखित प्रति बांदा में है। फिलहाल यह भी शोध ा का विषय है।बहुत संभव यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी के श्रीरामचरित मानस का कई अंश प्रक्षिप्त है। फिलहाल श्रीरामचरित मानस एक बार पुनः चर्चा के साथ शोध का विषय भी है।




लेखक विनय कांत मिश्र/ दैनिक बुद्ध का सन्देश

# तुलसी कृत रामचरितमानस क्या ?

**दि बिहार के अ शिक्षित मंत्री ने तुलसीदास के ढोल, सूद, पसु, नारी वाली चौपाई पर त्रिलोचन जी सरीखे मूर्धन्य भाषाविद् की व्याख्या पढ़ी होती या मंत्री जी आलंकारिक भाषा सौन्दर्य को जानते अथवा अवधी भाषा की परख होती या 16वीं सदी के कालखंड की जानकारी होती अथवा पर्यायवाची शब्दों की व्यंजना शक्ति की जानकारी होती, तो वह बयान ही न देते और लालू के राजद के प्रवक्ताओं को ...**

अजय दीक्षित

बिहार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर, हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार एवं भाषा–मर्मज्ञ त्रिलोचन शास्त्री को, नहीं जानते होंगे । मंत्री जी काव्य के मर्म, शब्द–शक्तियों, अलंकार और भाषायी सौन्दर्य से भी अनभिज्ञ होंगे, यह हमारा दावा है । मंत्री जी 16वीं शताब्दी के परिवेश, कालखंड, रीति–रिवाजों, आडम्बरों और धार्मिक विरोध ाभासों से भी अनजान होंगे । वह संस्कृत, अवधी भाषा और अन्य आंचलिक भाषाओं–बोलियों के आपसी द्वन्द्व से भी अपरिचित हैं, यह भी हमारा दावा है । मंत्री जी इस ऐतिहासिक तथ्य से भी वाकिफ नहीं होंगे कि तुलसीदास का जन्म पूरे 32 दांतों के साथ हुआ था, लिहाजा कई मायनों में उन्हें अद्वितीय, अलौकिक माना गया, तो उनके अपनों ने भूत–प्रेत मानकर उनसे दूरी बनाये रखी थी। बाद में उन्हें प्रायश्चित करना पड़ा । यह तो बिल्कुल नहीं जानते होंगे कि भगवान राम की कृपा और छाया तुलसीदास पर थी, जिसने उन्हें महाकवि, संत, कथावाचक बना दिया था । यह प्रभु राम की ही कृपा थी कि हनुमान जी सदैव उनके साथ रहे और मार्गदर्शक की भूमिका अदा करते रहे । बिहारी मंत्री का मानस अवरुद्ध है या नास्तिक है अथवा विकृत है । या वह राम–विरोधी हैं, लिहाजा वह इन तथ्यों को किंवदन्ति भी करार दे सकते हैं । हमें रामचरित मानस सरीखे महाकाव्य, पवित्र ग्रन्थ तथा पूजनीय आख्यान पर मंत्री जी का, सकारात्मक या नकारात्मक, किसी भी तरह का प्रमाण–पत्र नहीं चाहिए, क्योंकि किसी भी सूरत में सूर्य को दीपक नहीं दिखाया जा सकता ।अंधकार कभी भी सूर्य को पराजित नहीं कर सकता । रामचरित मानस भारत ही नहीं, विश्व के असंख्य घरों में आस्था का प्रतीक है । उसका पाठ किया जाता है। वह प्रेम, त्याग, स्नेह, करुणा, मर्यादा, सद्भावना और मानवता का बेमिसाल ग्रंथ है। मंत्री जी ने रामचरित मानस को नफरती ग्रंथ माना है। ऐसी ही टिप्पणी उन्होंने कुरान या बाइबिल के सन्दर्भ में की होती, तो मंत्री जी का जीना हराम हो जाता ! उन्हें अज्ञातवास में जाना पड़ता या छिप कर अपनी जिंदगी बचानी पड़ती, उनका संवैधानिक पद तो छीन ही लिया जाता । लेकिन भगवान राम, उनके परम भक्त तुलसीदास और सिद्धांत रूप में हिन्दू सहिष्णु हैं, लिहाजा मनुस्मृति, रामचरित मानस, वाल्मीकि रामायण अथवा किसी अन्य धार्मिक, पवित्र ग्रन्थ को सहजता से गाली दी जा सकती है । चूंकि हम बिहारी मंत्री की साहित्यिक और भाषायी ज्ञान तथा मेधा को जानते हैं, लिहाजा सवाल कर सकते हैं कि उन्होंने रामचरित मानस के काव्यांशों की व्याख्या, भावार्थ, निहितार्थ किस आधार पर किया है ? मंत्री जी की व्याख्या है कि रामचरित मानस पिछड़ों, दलितों, महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नहीं देता। मनुस्मृति के बाद ही मानस ने नफरत फैलाई है। मंत्री जी 16वीं सदी से एकदम 21वीं सदी में पहुंच कर कहते हैं कि नफरत की जमीन पर राम मन्दिर बनाया जा रहा है । यह सर्वोच्च अदालत की अवमानना भी है। मंत्री जी ने यह बयान किसी राजनीतिक सभा में नहीं दिये हैं, बल्कि बिहार के नालंदा ओपन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कहे हैं । यदि बिहार के अ शिक्षित मंत्री ने तुलसीदास के ढोल, सूद, पसु, नारी वाली चौपाई पर त्रिलोचन जी सरीखे मूर्धन्य भाषाविद् की व्याख्या पढ़ी होती या मंत्री जी आलंकारिक भाषा सौन्दर्य को जानते अथवा अवधी भाषा की परख होती या 16वीं सदी के कालखंड की जानकारी होती अथवा पर्यायवाची शब्दों की व्यंजना शक्ति की जानकारी होती, तो वह बयान ही न देते और लालू के राजद के प्रवक्ताओं को उनका बचाव ही न करना पड़ता । दरअसल बिहारी मंत्री रामचरित मानस के जरिए अपने दल के चुनावी वोट बैंक को संबोधित करना चाहते थे, जो सरासर गलत है। सामाजिक न्याय इसे नहीं कहते कि किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करें । संविधान ने भी ऐसा अधिकार हमें नहीं दिया है। मंत्री के ये बोल वर्ग विशेष की भावनाओं को आहत कर रहे हैं ।




**तानाशाह जिया उल हक ने एक बार कहा था श्हम घास खायेंगे लेकिन परमाणु बम बनायेंगे!श आज हालात यहां तक आ गये हैं कि पाकिस्तानियों के पास घास ही रह जायेगी। शायद भारत फायदा उठा सकता है और ईश्वर प्रदत्त भूमिका निभा सकता है, कम से कम कोशिश तो करे ही। हमारे प्रधानमंत्री विश्वगुरु बनना चाहते हैं और यह उनकी परीक्षा की घड़ी है। यह नहीं हो सकता कि आप अपना...**

# पाकिस्तान की आर्थिक गिरावट लंबी उपेक्षा की पराकाष्ठा

सुशील कुट्टी

कुल मिलाकर समय पाकिस्तान के पक्ष में नहीं है। बाढ़ ने पाकिस्तान को कमजोर कर दिया है। बच्चे विशेष रूप से घोर कष्ट में हैं। अल्लाह एक मजबूत हस्तक्षेप करेगा और करना भी चाहिए। पाकिस्तान को अपने छोटे से जीवन में पहले से कहीं अधिक मदद की जरूरत है। तानाशाह जिया उल हक ने एक बार कहा था श्हम घास खायेंगे लेकिन परमाणु बम बनायेंगे!श आज हालात यहां तक आ गये हैं कि पाकिस्तानियों के पास घास ही रह जायेगी। बाढ़ से तबाह, आर्थिक रूप से दिवालिया, और राजनीतिक रूप से खोखला। पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार को बलि का बकरा मिल गया है। सर्वशक्तिमान ईश्वर! डार ने अपना पिंड छुड़ाते हुए कहा– क्योंकि अल्लाह ने पाकिस्तान बनाया है, अल्लाह को ही पाकिस्तान को इस गड्ढे से बाहर निकालना होगा, इसे समृद्ध बनाना होगा और इसे विकसित करने में मदद करनी होगी। वाघा के पार यह एक आम धारणा है कि पाकिस्तान की श्समृद्धिश और श्विकासश अल्लाह की जिम्मेदारी है। फिर यह केवल सोचने की बात है कि पाकिस्तान कुल मिलाकर नशा न करने के लिए तथा नशा न करने वालों का देश है। फिर भी, हर कोई इस तर्क को नहीं मानता। इशाक डार के इस तरह के बयान का आम पाकिस्तानी जनमानस में कोई महत्व नहीं है। इसके विपरीत इशाक डार के इस सुझाव की घोर आलोचना हो रही है। कहा जा रहा है कि पाकिस्तान उस गड्ढे में है जिसे पाकिस्तान ने खुद खोदा है। इशाक डार के लिए सब कुछ अल्लाह पर छोड़ देना उपहास और तिरस्कार दोनों को आमंत्रित करना है। मनुष्य की मूर्खता और आसक्ति के लिए अल्लाह को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, और उनमें से एक है पाकिस्तान की स्थायी रूप से ऋ णग्रस्तता। पाकिस्तान का वित्त एक शाही गड़बड़ी में डूबा है। ऐतिहासिक रूप से, हर राजनीतिक रंग के पाकिस्तानी वित्तमंत्री बड़े पैमाने पर पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का सूक्ष्म कुप्रबंधन करने में सफल रहे हैं। लेकिन अल्लाह को जिम्मेदार ठहराते हुए डार और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ क्रिकेटर इमरान खान की नो बॉल और वाइड बॉल वाली सरकार को नहीं भूले हैं। जैसा कि कहा गया, श्भगवान तो बहाना है, इमरान खान निशाना हैश। मीडिया द्वारा पेश किये जा रहे वर्णनों के अनुसार, इमरान खान को पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और राजनीति को प्रभावित करने वाली सभी बुराइयों के लिए दोषी ठहराया जा रहा है। शरीफ ने ये आरोप उस दिन लगाये जब पाकिस्तानी रुपये ने एक नयी अधोगति को छुआरू प्रति डॉलर के 262 रुपये। सही मायने में शरीफ और डार के पास अब बलि का बकरे भी खत्म हो रहे हैं। आर्थिक संकट गहराता ही जा रहा है। बदनाम सरकार के पास आर्थिक पुनरुद्धार की कोई योजना नहीं है। प्रधानमंत्री ने यह कहना चुना कि पीटीआई सरकार के कुप्रबंधन और खान की अक्षमता के कारण पाइप लाइन में विभिन्न विकास परियोजनाएं रुकी हुई हैं। सच तो यह है कि पाकिस्तान सरकार पूरी तरह अंजान है। हालात ऐसे कैसे हो गये, सरकार जानती है। गड़बड़ी से कैसे बाहर निकलना शरीफ एंड कंपनी के दिमाग से ही बाहर का क्षेत्र है। प्रध ानमंत्री शहबाज शरीफ हाल ही में सऊदी अरब और अन्य देशों में आपातकालीन वित्तीय सहायता की मांग करने वाले नव–स्थापित पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर से जुड़ गये हैं। लेकिन चीजें वैसी नहीं हुईं जैसी दोनों चाहते थे। फिर डार को जीवन बचाने वाली पहेली बनानी पड़ी श्सर्वशक्तिमान अल्लाह पाकिस्तान की समृद्धि और विकास के लिए जिम्मेदार है। शरीफ अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष से अंतिम समय में राहत पर निर्भर हैं। यदि आईएमएफ उसकी सहायता के लिए आगे आता है, तो अन्य ऋणदाता भी आगे बढ़ेंगे। आईएमएफ की एक टीम के शीघ्र ही पाकिस्तान पहुंचने की उम्मीद है। पाकिस्तान को तत्काल बेलआउट की जरूरत है। विदेशी मुद्रा भंडार संकट खतरनाक स्थिति में आ गई है। जो कुछ बचा है वह–4 बिलियन है जो एक महीने तक नहीं चलेगा। आयात ठप हो जायेगा। लोगों के पास श्रोटीश का श्आटाश नहीं है। एके–47 के पहरे के तहत दुर्लभ बोरे गेहूं के आटे का वितरण किया जा रहा है। कीमतें आसमान पर हैं। क्या अल्लाह महंगाई को काबू में कर सकता है? अभी पाकिस्तान में गृहयुद्ध के हालात हैं। राजनीतिक रूप से भी पाकिस्तान कमजोर है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की एक नजर आर्थिक राहत के लिए जीसीसी देशों पर है और दूसरी नजर आंतरिक राजनीतिक स्थिति पर है। सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए, उनकी गठबंधन सरकार घेरे में है। इमरान खान के रुकी हुई परियोजनाओं को दोष देना ही एकमात्र सहारा बचा है। शरीफ चीन से बिगड़ते संबंधों के लिए इमरान खान की पीटीआई को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। शहबाज शरीफ के लिए, इमरान खान चीन के साथ हाल के सभी मतभेदों की जड़ में हैं। पाकिस्तान भारत से क्या चाहता है, इस पर शहबाज की उलझन बता रही है। उसमें हताशा है। इस महीने की शुरुआत में, शहबाज शरीफ ने एक अरबी मीडिया मंच से कहा था कि श्पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्धों से अपना सबक सीखा हैश। वह कबूलनामा एक घंटे तक चलाय फिर यह कश्मीर वापस आ गया था! भारत सरकार ने भारत में एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो दोनों को आमंत्रित किया है, लेकिन दोनों इस तरह से विरोध कर रहे हैं जैसे कि उनके पास यात्रा के लिए नवीनतम फैशन वाले पठानी सूट नहीं है। निश्चित रूप से, अगर ये दोनों आगे आते हैं, तो भारत–पाक के मुद्दे एससीओ को हाईजैक कर लेंगे। लेकिन फिर, यह भी हो सकता है कि दोनों घर के हालात को लेकर परेशान हों। अफगानिस्तानी तालिबान अपना वजन बढ़ा रहे हैं और बलूचिस्तान में विद्रोही पाकिस्तानी सेना के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। इसके अलावा, पीओके है, जो अशांत है और स्थिति में बदलाव के लिए भारत की ओर देख रहा है। कुल मिलाकर समय पाकिस्तान के पक्ष में नहीं है। बाढ़ ने पाकिस्तान को कमजोर कर दिया है। बच्चे विशेष रूप से घोर कष्ट में हैं। अल्लाह एक मजबूत हस्तक्षेप करेगा और करना भी चाहिए। पाकिस्तान को अपने छोटे से जीवन में पहले से कहीं अधिक मदद की जरूरत है। तानाशाह जिया उल हक ने एक बार कहा था श्हम घास खायेंगे लेकिन परमाणु बम बनायेंगे!श आज हालात यहां तक आ गये हैं कि पाकिस्तानियों के पास घास ही रह जायेगी। शायद भारत फायदा उठा सकता है और ईश्वर प्रदत्त भूमिका निभा सकता है, कम से कम कोशिश तो करे ही। हमारे प्रधानमंत्री विश्वगुरु बनना चाहते हैं और यह उनकी परीक्षा की घड़ी है। यह नहीं हो सकता कि आप अपना पेट पूरा भरें और पड़ोसी के बच्चे भूखे पेट रहें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सहायता करने की दैवी भूमिका निभाने का इससे बेहतर मौका कभी नहीं मिलेगा!



# पाक्सो एक्टः दोषी राम आधार को 3 वर्ष की कैद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। साढ़े पांच वर्ष पूर्व घर में घुसकर 14 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ध् विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी राम आधार यादव उर्फ छन्नू यादव को 3 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं कोर्ट ने दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अर्थदंड की समूची धनराशि 10 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 28 अक्तूबर 2017 को थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 2 सितंबर 2017 को रात्रि करीब 9 बजे जब वह अपने खेत पर चला आया था और उसकी 14–15 वर्षीय नाबालिग बहन घर पर अकेली थी। उसी समय शाहगंज थाना क्षेत्र के बरसोत गांव निवासी राम आधार यादव उर्फ छन्नू यादव पुत्र शिव शरण यादव उसके घर में घुस गया और उसकी नाबालिग बहन के साथ उसका हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगा। जब उसकी बहन चिल्लाने लगी तो शोरगुल की आवाज सुनकर उसकी चाची व वह खुद आ गया। तब तक राम आधार यादव व उसके दो अन्य साथी जो दरवाजे पर खड़े थे धमकी देते हुए भाग गए। दूसरे दिन सुबह भी उसे जान मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राम आधार यादव उर्फ छन्नू यादव को 3 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 10 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व मे रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा एक अदद बोलेरो नं0 Up~65 BG 6955 01 से कुल 08 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद कर मौके से एक नफर अभियुक्त मनोज विश्वकर्मा पुत्र श्यामनरायन निवासी अमौलिया थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र 29 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारीध बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0 सं0–052 /2023 धारा 8/20 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी!

# नवप्रशिक्षित शिक्षकों की वरीयता को लेकर उठाई आवाज

### एनआईओएस से प्रशिक्षण प्राप्त एवं उत्तीर्ण शिक्षकों के लिए परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने उठाई आवाज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पटना। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार और प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर नव प्रशिक्षित शिक्षकों की वरीयता के निर्धारण हेतु राज्य से जिलों को स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि राज्य के अप्रशिक्षित कार्यरत शिक्षकों को विभाग द्वारा प्रशिक्षित कराया गया। जिसके अंतर्गत एनआईओएस के माध्यम से बड़ी संख्या में शिक्षक प्रशिक्षित हुए। विभिन्न जिलों में पदाधिकारियों द्वारा शिक्षकों को यह बताया जा रहा है कि वह ऐसे शिक्षक जिनका परीक्षाफल 31 मार्च 2019 के उपरांत प्रकाशित हुआ है उन्हें नवनियुक्त शिक्षक मानते हुए उनके पे इंडेक्स में कटौती की जाएगी। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि इनमें अधिकांश शिक्षक कई वर्षों से कार्यरत हैं। एनआईओएस का प्रशिक्षण फरवरी माह में ही पूरा हो चुका था एवं इसकी परीक्षा का आयोजन भी 31 मार्च 2019 के पूर्व हो चुका था। ऐसी स्थिति में परीक्षाफल प्रकाशन में हुए विलंब का खामियाजा निर्दोष शिक्षकों को भुगतना पड़ सकता है। वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने मांग किया कि सभी जिलों के डीईओ एवं डीपीओ को राज्य द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किया जाय ताकि शिक्षकों के हितों की रक्षा हो सके एवं एनआईओस से प्रशिक्षित शिक्षक भयमुक्त एवं तनावमुक्त होकर विद्यालय मे अपने दायित्वों का निर्वहन कर सके।

# श्रीधर पाण्डेय को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु महोत्सव के समापन अवसर पर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कालानमक उत्पादन एवं मार्केटिंग के क्षेत्र के सराहनीय योगदान के लिए श्रीधर पाण्डेय को मुख्यमंत्री ने सम्मान से सम्मानित किया।ज्ञात हो कि श्रीधर पाण्डेय जनपद के समाजसेवी के साथ ही कपिलवस्तु फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक हैं तथा वर्षो से कालानमक चावल के उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन के लिए सघन रूप से कार्य कर रहे हैं जिससे कंपनी से जुड़े हजारों किसान लाभान्वित हो रहे हैं। कपिलवस्तु एफपीओ फ्लिपकार्ट , जीआई टैग सहित कई आनलाइन कंपनी सहित आफलाइन माध्यमों से विगत वर्षो में लगभग 500 कुंतल चावल का विपणन कर चुके हैं। सम्मान प्राप्त होने पर उप कृषि निदेशक अरविंद कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, उपायुक्त ग्रामोद्योग दयाशंकर सरोज, राणा प्रताप सिंह, उमेश श्रीवास्तव, सुशीला मिश्रा, सिद्धार्थ सिंह, हरिशंकर सिंह, सहित अनेकों लोगों ने बधाघई दिया।

# अन्तिम दिन शरद मेले में जमकर हुई खरीददारी महिलाओं के हौसले बढे





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिले के महापर्व सिद्धार्थ नगर महोत्सव में आयोजित नाबार्ड द्वारा प्रायोजित शरद मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने स्थानीय उत्पादों को खूब बेंचा। बाजारू चकाचौंध को छोड़कर देसी और हस्तनिर्मित सामानों को ग्राहकों ने खूब खरीदाद्य मेले के चौथे दिन तक सभी दुकाने खली हो गयीं। महिलाओं में हर्ष के साथ इस बात की बेचौनी भी देखने को मिली काश और लाये होते तो ज्यादा कमा लेते। शरद मेले का उद्घाटन करते हुए सदर विध ाायक ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है तथा अनेकों योजनायें संचालित कर रही है। इसी का परिणाम है महिलाओं है समूह की महिलाए बाजार की प्रतिस्पर्धा को मात देकर आगे निकल रही हैं।

ज्ञातव्य हो की जिले की 14 विकास खंडो से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रोत्साहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने 20 स्टाल लगाये थे जिसमे टेराकोटा खिलौने , मूर्तियाँ, केले के रेशे से बने पर्यावरण मैत्रिक उत्पाद, साजसज्जा, जैम, जेली आचार मुरब्बा, इलेक्ट्रिक झालर, गोबर और पंचगव्य से बने शुद्ध धूपबत्ती, साबुन, कालानमक चावल आदि के दुकानों से कुल 5 लाख 23 हजार रुपये की बिक्री हुए।राज्य सभा सांसद एवं पूर्व डीजीपी बृजलालएवं उनकी पत्नी सरोज ने भी जमकर खरीददारी किया। उन्होंने कहा समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन हेतु सरकार एवं नाबार्ड का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। महिलाओं के आत्मनिर्भर होने से ही देश का सर्वांगीण विकास होगा। ऐसे मेले का आयोजन होने से समूह अपने लोक लुभावने देसी हुनर को प्रदर्शित कर पा रही हैं। सांसद दंपत्ति ने लगभग 21 हजार रूपये की खरीददारी सभी दुकानों से किया।महिलाओं के आग्रह पर उन्होंने पुलिस कप्तान दूरभाष पर वार्ता कर महोत्सव का मध्य गेट भी खुलवाया जिससे आवागमन बढ़ने के साथ साथ विक्री में चौगुना की बृद्धि हुई। इस अवसर पर बृजराज सहानी डीडीएम नाबार्ड, शरद मेला आयोजक संस्था गौतम बुद्ध जागृति समिति के सचिव श्रीधर पाण्डेय, जिलाविकास अधिकारी शेषमणि सिंह, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार, जिलापूर्ति अधि ाकारी बृजेश मिश्र, परियोजना निदेशक, उपायुक्त राष्ट्रीय आजीविका मिशन योगेन्द्र भारती, विमलेश कुमार सहित तमाम जनपदीय अधिकारीयों ने खरीददारी किया।मेले में भागीदारी निभा रही समूह मुखिया रानी मिश्र, मंजू गुप्ता, सुनील कुमार, रवि कुमार आदि की भूमिका सराहनीय रहा।

# भाकपा माले ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

घोरावल सोनभद्र। भाकपा माले ने घोरावल तहसील मुख्यालय पर बुधवार को एक दिवसीय ध ारना प्रदर्शन के बाद राज्य सचिव सुधाकर यादव और जिला सचिव सुरेश कॉल के नेतृत्व में एसडीएम श्याम प्रताप सिंह को



ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है की कोल जाति को मिलने वाले आवास की धनराशि 5 लाख रुपये की जाए, गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ किया जाए और उन्हें निशुल्क बिजली आपूर्ति दी जाए। गरीबों के सरकारी माइक्रोफाइनेंस एवं स्वयं सहायता समूह के कर्जों को माफ किया जाए।कोल, मुसहर, बियार को जनजाति का दर्जा दिया जाए। मनरेगा की दैनिक मजदूरी 600 रुपये की जाए। धरने को संबोधित करते हुए राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा की आज फासीवादी तर्ज पर केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार विरोधि ायों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। इसलिए इस अमलोकतांत्रिक और फासीवादी सरकार के खिलाफ बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में राष्ट्रीय स्तर पर आगामी 15 फरवरी को गरीबों की बड़ी रैली की जा रही है इस ऐतिहासिक रैली में देश की आगामी राजनीति की दशा व दिशा तय की जाएगी।

## थाना विण्ढमगंज पुलिस ने अवैध बालू खनन के अपराध में चल सम्पत्ति की गयी कुर्क

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल



निर्देशन में जनपद में गैंगेस्टर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा थाना दुद्धी पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या–123ध2022 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट (विवेचना प्रभारी निरीक्षक विण्ढमगंज द्वारा की जा रही थी ) से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त हुकुम चन्द्र मौर्या पुत्र स्व0 राज कुमार निवासी, ग्राम रजखड़, थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र के विरुद्ध 14(1) की कार्रवाई करते हुए अभियुक्त उपरोक्त द्वारा बालू का अवैध खनन का अपराध कारित करते हुए अर्जित अवैध धन से क्रय की गयी 01 अदद टैक्टर संख्या यू0पी0–64 ए0एल 7548 एवं 01 अदद मोटसाइकिल संख्या यू0पी 64 ए0जे0 4055 जिनका कुल अनुमानित कीमत 6.50 लाख रुपये की चल संपत्ति को जिलाधिकारी जनपद सोनभद्र के आदेश के अनुपालन मे नियमानुसार कुर्क किया गया ।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक आज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र।भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की जिला कार्यसमिति



बैठक सुबह 11.00 बजे भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर आयोजित की गयी है।जिला कार्यसमिति की बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव का मार्गदर्शन प्राप्त होगा बैठक मे सभी जनप्रतिनिधिगण, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, प्रदेश व क्षेत्र पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के जिलाध्यक्षध्महामंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक, ब्लॉक प्रमुख आईटी विभाग व सोशल मिडिया संयोजक, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष उपस्थिति अनिवार्य है, बैठक मे संगठन के आगामी कार्यक्रम व योजना पर विस्तार से चर्चा होगी। इस आशय की जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

# स्मार्ट फोन मिलने से आशा कार्यकर्ताओं मे खुशी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बृजमनगंज/महराजगंज। महराजगंज क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बृजमनगंज मे बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आशा



कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन देकर हाईटेक बनाने का प्रयास किया गया बताते चलें कि आशा कार्यकर्ताओं के कार्य को और सुगम व पारदर्शी बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने दो वर्ष पूर्व राजधानी लखनऊ में उन्हें स्मार्ट फोन प्रदान किए जाने की शुरुआत की थी।परंतु अभी तक बृजमनगंज ब्लाक की आशा को स्मार्ट फोन वितरित नहीं किया गया था द्वितीय चरण में इसी क्रम में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बृजमनगंज की आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने के लिए स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन बीसीपीएम विनोद कुमार किया गया।उन्होने सभी आशाओं को अपने हाथों से स्मार्टफोन प्रदान किया।स्मार्ट फोन पाकर आशा कार्यकर्ताओं के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।विनोद कुमार ने कहा किस्वास्थ्य विभाग की रीढ़ कही जाने वाली आशा कार्यकर्ताओं को हाईटेक बनाने की दिशा में यह बेहतर कदम है। इस कदम से अब आशा कार्यकर्ताओं का काम करना और भी सुगम हो जाएगा। वे अपने आंकड़ों व अन्य जानकारियों को अपने स्मार्टफोन में सुरक्षित कर सकेंगी।उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन से उनकी सभी समस्या दूर होगी. साथ ही जो काम वो अभी तक पेपर पर करती थी, उन सभी कार्यों को अब अपने मोबाइल से ही कर पाएंगी. ऐसे में समय की भी बचत होगी और सभी रिकार्ड मोबाइल में सेव भी रहेंगे. साथ ही अपने काम को वो ऑनलाइन अपलोड भी कर देंगी. जिससे उन्हें समय से मानदेय भी मिल जाएगा.उन्होंने बताया कि संगिनी कॉम केयर एप पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों का डाटा फीड कर सकेंगीइस कार्यक्रम में आशा कार्यकताओं को नए साल के तोहफे के तौर पर स्मार्ट फोन प्रदान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के बीसीपीएम विनोद कुमार,अनवर हुसैन,गणेश शंकर देवेंद्र कन्नोजिया,सद्दाम सहित अनेक कर्मचारी एवं एएनएम,आशा,संगीनी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# मोबाइल फोन के ज्यादा इस्तेमाल से दिमाग पर पड़ सकते हैं ये 5 नकारात्मक प्रभाव



आज के समय में मोबाइल फोन जीवन की हर समस्या का समाधान बन गया है। आप चाहें अपने मन को बहला रहे हों या गणित के मुश्किल सवालों का हल खोज रहे हों, मोबाइल के पास सभी सवालों के जवाब हैं। इसी वजह से लोग मोबाइल उपकरणों पर ज्यादा निर्भर हो गए हैं। हालांकि, मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल करने से आपके दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आइए इसके पीछे के विज्ञान को समझते हैं।

कॉग्निटिव क्षमता को कर सकता है खराब

शोध से पता चला है कि मोबाइल आपकी अनुभूति पर खराब प्रभाव डाल सकता है। यह विचार, अनुभव और इंद्रियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने और लागू करने की प्रक्रिया है। दरअसल, मोबाइल के वजह से अब मानसिक रूप से संख्याओं की गणना करने, चीजों को याद रखने या किसी रास्ते को भी याद रखने की जरूरत नहीं है। इसी वजह से आप अपने दिमाग पर काम नहीं करते हैं, जिससे कॉग्निटिव क्षमताएं धीरे–धीरे कम हो जाती हैं।

सामाजिक और भावनात्मक स्किल्स पर डालता है नकारात्मक प्रभाव

वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए वास्तविक दुनिया के समाधानों की ही जरूरत होती है, न कि डिजिटल समाधान की। इसी लिए हर छोटी या बड़ी असुविधा के लिए मोबाइल पर निर्भर न रहें क्योंकि यह आपकी स्किल्स को कमजोर कर सकता है। मोबाइल का इस्तेमाल तब एक समस्या बन जाता है, जब यह आपकी व्यावहारिक गतिविधियों और दूसरों के साथ बातचीत को कम कर देता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे समस्या को सुलझाने की स्किल्स कम हो जाती हैं।

नींद के पैटर्न को कर सकता है खराब

यदि आप ध्यान देंगे तो आपको पता चलेगा कि सोने से पहले मोबाइल फोन का इस्तेमाल वास्तव में आपकी नींद की गुणवत्ता और इसकी साइकिल को खराब कर देता है। यह देर रात तक सोशल मीडिया फीड चेक करने से ही नहीं है, बल्कि मोबाइल फोन से निकलने वाली खतरनाक नीली रोशनी के कारण ज्यादा होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह आपके मेलाटोनिन के स्तर को गंभीर रूप से कम कर सकता है, जो नींद लाने में मदद करता है।

मानसिक रूप से बना सकता है आलसी

अब आपको अपने प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए मोबाइल फोन पर केवल एक टच करने की जरूरत है, न कि लाइब्रेरी जाकर किताबों को खोजने और उन्हें पढ़ने की। इसके अलावा अब आपको अपने प्रियजनों के फोन नंबर भी याद रखने की कोई जरूरत नहीं होती क्योंकि वह सभी फोन में सेव होते हैं। इन्हीं कारणों से लोग मोबाइल पर ज्यादा निर्भर हो गए हैं, जिसका मानसिक स्वास्थ्य पर खराब असर होता है और यह आलसी बना देता है।

आंखों को भी प्रभावित कर सकता है मोबाइल

यदि आप अपने फोन को बिना किसी रुकावट के लंबे समय तक लगातार पास से देखते हैं तो यह मायोपिया का कारण बन सकता है। मायोपिया एक ऐसी आंख की बीमारी है, जिसमें आप पास की चीजों को तो स्पष्ट रूप से देख सकते हैं, लेकिन दूर की चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। महामारी के बाद से लोगों के स्क्रीन टाइम में तेजी से वृद्धि हुई है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए एक चिंता का विषय है।

## निमृत कौर अहलूवालिया बनी बिग बॉस 16 के फिनाले में पहुंचने वाली पहली कंटेस्टेंट

टेलीविजन अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया विवादित रिएलिटी शो बिग बॉस 16 के फिनाले में पहुंचने वाली पहली प्रतियोगी हैं। वह नवीनतम एपिसोड में एक टास्क के दौरान टिकट टू फिनाले




को सुरक्षित रखने में सफल रहीं। लेटेस्ट एपिसोड में बिग बॉस ने सभी कंटेस्टेंट को एक–एक करके बुलाया और उनसे उस कंटेस्टेंट का नाम बताने को कहा जिसे वे कंट्रोल करना चाहते हैं। प्रियंका और शालिन दोनों ने शिव ठाकरे का नाम लिया। बाद में टिकट टू फिनाले को लेकर टास्क शुरू हुआ। प्रतियोगियों को एक रिमोट–कंट्रोल टास्क खेलना था, जहां बगीचे में एक टेलीविजन सेट रखा गया था, जिसमें प्रतियोगियों को दिखाया गया था और घर का मालिक उस प्रतियोगी का चयन करेगा, जिसे कप्तानी की दौड़ से किसी को बाहर करने का मौका मिलता है। प्रियंका और एमसी स्टेन किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे तो बिग बॉस ने कार्य समाप्त कर दिया। निमृत कप्तान बनी हुई हैं और फिनाले वीक में पहुंचने वाली पहली व्यक्ति बन गई हैं। बिग बॉस 16 के वर्तमान प्रतियोगी निमृत कौर, शालिन भनोट, सुम्बुल तौकर, प्रियंका चाहर, शिव ठाकरे, एमसी स्टेन और अर्चना गौतम हैं।कलर्स शो का फिनाले 12 फरवरी को होगा।






## ऋषभ शेट्टी की कांतारा का बनेगा प्रीक्वल, निर्माता ने बताया कब हो सकती है रिलीज




पिछले साल ऋ षभ शेट्टी की फिल्म कांतारा ने दुनियाभर में कमाल दिखाया था। फिल्म की हर तरफ चर्चा हुई और बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 400 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाए थे। फिल्म की सफलता के बाद दर्शक इसके सीक्वल की मांग कर रहे थे। सीक्वल को लेकर तरह–तरह की खबरें आती रहती हैं। एक पुरानी रिपोर्ट में ऋ षभ सीक्वल की बात को खारिज कर चुके हैं, लेकिन अब निर्माता विजय किरागंदूर ने इसे लेकर नई जानकारी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार कांतारा के प्रीक्वल की तैयारी हो रही है। निर्देशक ऋ षभ शेट्टी फिल्म के सीक्वल नहीं, प्रीक्वल पर काम कर रहे हैं। मतलब फिल्म की कहानी आगे नहीं बढ़ेगी बल्कि उसकी लोक कथा को और विस्तार दिया जाएगा। विजय ने पुष्टि की कि ऋ षभ फिल्म के प्रीक्वल की कहानी लिख रहे हैं और जमीनी स्तर पर भी इसकी तैयारियों में जुटे हुए हैं। कुछ ही महीने में इसकी शूटिंग भी शुरू हो जाएगी।

विजय ने कहा, ऋ षभ फिल्म की कहानी लिख रहे हैं। फिलहाल वह अपने लेखक साथियों के साथ कर्नाटक के तटीय जंगल वाले इलाके में गए हैं। वहां वह करीब दो महीने बिताएंगे और फिल्म के लिए रिसर्च करेंगे। इसकी शूटिंग जून में शुरू हो जाएगी क्योंकि फिल्म में बरसात के मौसम वाले दृ श्यों की जरूरत है। विजय ने यह भी खुलासा किया कि वे इस फिल्म को अगले साल अप्रैल–मई में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

यह फिल्म कन्नड़ में पिछले साल 30 सितंबर को रिलीज हुई थी। इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में 14 अक्टूबर को रिलीज किया गया था। कांतारा का प्लॉट 1847 पर आधारित है। फिल्म मानव और प्रकृति के टकराव की कहानी है और इसमें कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों का एक काल्पनिक गांव दिखाया गया है। फिल्म में ऋ षभ शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। यह फिल्म आईएमडीबी पर सबसे ज्यादा रेटिंग वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। कांतारा दर्शकों के साथ क्रिटिक्स को भी काफी पसंद आई थी। फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। कांतारा केजीएफरू चौप्टर 2 के बाद यह आंकड़ा छूने वाली दूसरी कन्नड़ फिल्म बनी थी। कर्नाटक में फिल्म ने केजीएफरू चौप्टर 2 का रिकॉर्ड तोड़ते हुए करीब 168 करोड़ रुपये की कमाई की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार केजीएफ 2 ने कर्नाटक में करीब 155 करोड़ रुपये कमाए थे।

यह फिल्म पहले क्षेत्रीय भाषाओं में अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम की गई थी। हिंदी दर्शकों के लंबे इंतजार के बाद यह आखिरकार हिंदी में नेटफ्लिक्स पर रिलीज की गई। फिल्म अपने गाने वाराह रूपम की वजह से भी चर्चा में रही।

## ऋतिक रोशन के घर पहुंचे के–पॉप स्टार जैक्सन वैंग, अभिनेता ने की मेजबानी

बॉलीवुड स्टार ऋ तिक रोशन और उनका परिवार के–पॉप स्टार जैक्सन वांग के लिए एक आदर्श मेजबान साबित हुए, जो



अभिनेता के घर आए थे। वांग ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा कीं, जहां उन्होंने लोलापालूजा वैश्विक संगीत समारोह में प्रस्तुति देते हुए अपनी भारत यात्रा को संक्षेप में प्रस्तुत किया। जैक्सन वैंग ने कैप्शन लिखा, लोलापालूजा इंडिया 2023 में हैशटैग मैजिकमैन। हमेशा यात्रा करना चाहता था। अंत में, हवाई अड्डे पर आप सभी के साथ इस तरह का एक अद्भुत अनुभव, आप सभी को शो में देखने के लिए नए दोस्तों को अनुभव करने के लिए, इतना सम्मान। बहुत धन्य हूं। मुझे आशा है कि मुझे और अधिक बार वापस आने को मिलेगा।उन्होंने ऋतिक के साथ एक तस्वीर साझा की, अभिनेता के माता–पिता राकेश और पिंकी रोशन ने उनके घर पर फोटो खिंचवाई। उन्होंने वांग को मुंबई की सड़कों पर रथ की सवारी करते हुए, समुद्र में कुछ समय बिताते हुए, एक स्थानीय बाजार का दौरा करते हुए और गेटवे ऑफ इंडिया की तस्वीर दिखाते हुए एक क्लिप भी पोस्ट किया। ऋ तिक के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अब दीपिका पादुकोण के साथ फाइटर में नजर आएंगे।

# विटामिन– ए की कमी को दूर करने के लिए खाएं ये फल



अगर शरीर में पर्याप्त मात्रा में विटामिन– ए मौजूद हो तो यह फेफड़ों को कई तरह की समस्याओं से बचाए रखने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त, यह अग्नाशय और आंतों को स्वस्थ रखने में भी सहायक है। आमतौर पर लोग विटामिन– ए की कमी को दूर करने के लिए सप्लीमेंट्स का सहारा लेते हैं, लेकिन आप चाहें तो कुछ फलों के सेवन से भी इसकी कमी दूर कर सकते हैं। आइए ऐसे ही कुछ फलों के बारे में जानते हैं।

चकोतरा

चकोतरा संतरे की तरह दिखने वाला फल है, जिसका अंदरूनी भाग गुलाबी रंग का होता है। यह फल विटामिन–सी और फोलेट के साथ–साथ विटामिन– ए का अच्छा स्त्रोत है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने से लेकर आंतों को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इसलिए चकोतरा को डाइट में शामिल करना फायदेमंद साबित हो सकता है। बता दें कि एक मध्यम आकार का चकोतरा खाने से लगभग 143 एमसीजी विटामिन– ए मिल सकता है।

गोजी बेरीज

गोजी बेरीज विटामिन– ए का बेहतरीन स्त्रोत है, इसलिए इसका सेवन फेफड़ों और आंतों में रोग पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, गोजी बेरीज में ओमेगा–3 और ओमेगा–6 फैटी एसिड भी अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं, जो मस्तिष्क, ह्रदय और रक्त वाहिकाओं के लिए अच्छे होते हैं। बता दें कि आध ी कटोरी गोजी बेरीज में लगभग 26,822 आइयू विटामिन– ए होता है, इसलिए इसे भी डाइट में जरूर शामिल करें।

पपीता

स्वाद में मीठा और रसीला पपीता एक बारहमासी फल है यानी आपको हर मौसम में यह आसानी से बाजार में मिल सकता है और इस फल में भरपूर मात्रा में विटामिन– ए पाया जाता है। बता दें कि 100 ग्राम पपीता में करीब 1000 आइयू विटामिन– ए पाया जाता है। ऐसे में विटामिन– ए की पूर्ति के लिए इस स्वास्थ्यवर्धक फल को एक अच्छे विकल्प के तौर पर डाइट में शामिल किया जा सकता है।

आड़ू

शरीर से विटामिन– ए की कमी को दूर करने में आड़ू का सेवन भी मदद कर सकता है क्योंकि यह भी विटामिन– ए से समृद्ध होता है। इसके अतिरिक्त, आड़ू में फाइबर के साथ कई तरह के एंटी–ऑक्सीडेंट भी मौजूद होते हैं, जो शरीर में गैस्ट्रिक एंजाइम के उत्पादन को सुविधाजनक बनाकर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने का काम करते हैं। इसके साथ ही आड़ू में शामिल एंटी–माइक्रोबियल गुण पाचन संबंधित समस्याओं से भी निजात दिलाने में सहायक साबित हो सकते हैं।

आजकल मार्केट कई तरह के विटामिन– ए सप्लीमेंट्स मौजूद हैं, लेकिन भूल से भी डॉक्टरी सलाह के बिना उनका सेवन न करें क्योंकि गलत एमजी के विटामिन– ए सप्लीमेंट्स स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकते हैं।